## एक नजर में

### सद्भावना मंच सदस्यों ने कारगिल विजय दिवस पर युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों को दी श्रद्धांजलि



**खंडवा।** कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और इसमें भारत देश के शूरवीर जांबाज जवानों ने विजय श्री प्राप्त की। इस युद्ध के दौरान भारत के 527 सैनिकों ने अपने जीवन का बलिदान दिया और 1400 के करीब घायल हुए थे। यह बात मालीकुआं स्थित सद्भावना मंच कार्यालय में मंच संस्थापक प्रमोद जैन ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों को सद्भावना मंच की ओर से कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि स्वरूप कहीं। वही पूर्व डीएसपी आनंद तोमर ने कारगिल युध्द क्षेत्र के अनेक अनुभव नम आँखों से सुनायें। यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस अवसर पर सद्भावना मंच के संस्थापक प्रमोद जैन, पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, सुरेंद्र गीते, गणेश भावसार, त्रिलोक चौधरी, निर्मल मंगवानी, ओम पिल्ले, कमल नागपाल, एनके दवे, अर्जुन बुंदेला, राजेश पोरपंथ, चंद्रशेखर सोनी, सुभाष मीणा, कैलाश पटेल आदि सहित अनेक सदस्य मौजूद थे।

### बस स्टैंड पर विशेष सफाई अभियान



**खंडवा।** आयुक्त प्रियंका राजावत के निर्देशानुसार दादाजी नए बस स्टैंड परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान बस स्टैंड की समग्र सफाई के साथ-साथ धुलाई का कार्य भी किया गया। निगम की सफाई टीम द्वारा गंदगी हटाकर परिसर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाया गया। यह कार्य नियमित सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

### गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई

**खंडवा।** श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया। सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल ने बताया कि शिविर में डॉ. भावना पटेल द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। शिविर में डॉ. लक्ष्मी डूडवे स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी कर उन्हें गर्भावस्था में रखी जाने वाली सावधानियों एवं पोषण आहार के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में कुल 112 महिलाओं की स्क्रीनिंग की गई जिसमें से 55 महिलाएं उच्च जोखिम वाली पाई गइं। हाई रिस्क वाली इन गर्भवती महिलाओं को आवश्यक परामर्श दिया गया। शिविर में नर्सिंग ऑफिसर निकिता भास्कले, रंजीता, दीपमाला ने सभी गर्भवती महिलाओं का ब्लड प्रेशर, वजन, हीमोग्लोबिन एवं अन्य प्रकार की जांच की।

### विधायक निधि से 13 टैंकरों का वितरण



**मून्दी।** मूंदी में विधायक निवास पर विधायक निधि से 13 टैंकरों का वितरण समारोह का आयोजन हुआ। यह टैंकर ग्राम पंचायत रिचफल, गोंड खेड़ा, गुलगांव रैयत, गोल सैलानी, मोहना गुर्जरखेडी, कोठी पंचायत को दिए गए एवं नगर परिषद मून्दी ओंकारेश्वर एवं पुनासा को दो-दो टैंकर के साथ फायर फाइटर लगे है। इस अवसर पर मांधाता विधायक नारायण पटेल, नगरपरिषद् अध्यक्ष ज्योतिबालाराठौर, सांसद प्रतिनिधि चन्द्रमोहनराठौर, जिला महामंत्री सुरजपाल सिंह सोलंकी, देवेन्द्र सिंह सोलंकी, नगरपरिषद् उपाध्यक्ष राजनारायण मंडलोई, पार्षदगण, पार्षद प्रतिनिधि व क्षेत्र के ग्राम पंचायत से आए सरपंच एवं नगर परिषद् मूंदी सीएमओ. संजय जैन, नगर परिषद सीएमओ. ओंकारेश्वर संजय गीते एवं अन्य गणमान्यजन थे। कार्यक्रम का संचालन अमित खनुजा ने किया।

### निमाड़ी लोक परम्पराओं को सहेजना हर निमाड़ी का कर्तव्य : गोविंद शर्मा



**खण्डवा।** अखिल निमाड़ लोक परिषद खंडवा की महिला इकाई की बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि के रूप में गोविंद शर्मा ने परिषद के उद्देश्य एवं गतिविधियों के बारे में विस्तृत चर्चा की। मातृशक्ति ही भाषा या बोली की परम्परा की संवाहक हैं, साथ ही लोक की सहज अध्येता और संरक्षक भी हैं। कार्यक्रम के आरंभ में दिलीप पटेल ग्राम जसवाड़ी ने मधुर स्वरों में गणेश वंदना की। तबले पर संगत वरिष्ठ कलाकार मनोज जोशी ने की। अध्यक्ष मीरा व्यास द्वारा अतिथि गोविंद शर्मा, संरक्षक राजश्री शर्मा एवं संरक्षक डॉ भारती पाराशर का शॉल श्रीफल से स्वागत किया गया। नारायण बाहेती व सुनील जैन ने बताया कि सरिता महोदय, ममता मोहे, किशोरी पाटिल एवं भावना महोदय ने निमाड़ी लोक गायन प्रस्तुत किया। हरियाली अमावस पर आयोजित जिरोती माता के भित्ति चित्रों के प्रतिभागियों को सम्मान पत्र एवं लोक गायक सहभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र अध्यक्ष, मीरा व्यास एवं संरक्षक द्वय राजश्री शर्मा एवं डॉ भारती पाराशर द्वारा प्रदान किये गए। कार्यक्रम में सुषमा डोंगरे, साधना साध, ज्योति डोंगरे, छाया पाराशर, सुधा सोहनी, रानी जोशी, वंदना जोशी, रिंकू राठौर, मनोरमा तिवारी एवं अन्य गणमान्य महिलाएं उपस्थित रही।

# इंदिरा सागर बांध के आठ गेट सुबह 4 बजे खोले जाएंगे

नवभारत न्यूज

**नर्मदानगर।** इंदिरा सागर बांध के रविवार प्रात: 4 बजे 8 गेट खोले जाएंगे। करीब 1 मीटर तक खोले जा सकते हैं। उपरी क्षेत्रो में हो रही, भारी वर्षा के कारण तवा बांध, बरगी बांध, से करीब 7500 क्यूमेक्स पानी आने की संभावना है।

इसे देखते हुऐ बांध के गेट खोले जाएंगे। शनिवार शाम तक जलस्तर 258.41 मीटर बताया गया है। इसके पष्चात् पानी की आवक का दबाव बढेगा, तो इंदिरा सागर बांध से सोमवार सायं से गेटों की मात्रा बढ़ाई जा सकती है। या जो गेट खोले जाएंगे उनकी मात्रा भी बढ़ाई जा सकती है।

### निचले स्तर से लोगों को हटाया

निचले स्तर पर इंदिरा सागर बांध प्रबंधन ने सूचना संबंधित जिला प्रशासन को दे दी है। उपरी क्षेत्र के संबंधित प्रषासन को भी जानकारी दी गइ हैं। बांध प्रबंधन ने सी.आई.एस.एफ को अवगत करा दिया है।

### सावन सोमवार पर सतर्कता

सावन सोमवार को देखते हुए ओंकारेष्वर में जलस्तर का बहाव सामान्य रहे। इसलिए इंदिरा सागर बांध से भी पानी समय समय पर छोड़ा जाये क्योकि सोमवार 28 जुलाई को भीड़ भाड़ रहती है। ज्ञातव्य है कि सावन के सोमवार के कारण ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर में लगभग 2 लाख श्रद्धालु एकत्रित हो रहे हैं। नर्मदा के तीन तरफ से मंदिर घिरा हुआ है। ऐसी स्थिति में पानी अधिक होने से सावधानी बरतना जरूरी है। इसलिए हर तरह से सभी विभाग ध्यान दे रहे हैं।



### पहले 7 अगस्त को खुले थे गेट

इंदिरा सागर बांध के पिछले वर्ष 07 अगस्त को गेट खोले गए थे। जिससे 12 गेटो को खोल कर पानी छोड़ा गया था। करीब 2154 क्यूमेक्स पानी बांध से एवं विद्युत ग्रह से 1840 प्लस डीसचाज किंया गया था।

### एक हजार वर्ग किमी वाला इंदिरासागर

इंदिरासागर बांध की लंबाई 653 मीटर तथा ऊंचाई 92 मीटर है। बांध में कुल 14.00 लाख घनमीटर की कंक्रीटिग की गई है। बांध में 20 मीटर चौड़ाई के 12 मुख्य स्पिलवे ब्लॉक और 8 वैकल्पिक स्पिलवे ब्लाक हैं। जल नियंत्रण के लिए 20 मीटर चौड़े एवं 17 मीटर ऊंचे आकार के 20 रेडियल गेट लगाए गए हैं। विद्युत गृह नदी के दाएं किनारे पर स्थित है, जिस में मशीन हाल 202 मीटर लंबा तथा 23 मीटर चौड़ा, सर्विस बे 42 मीटर लंबा तथा 23 मीटर चौड़ा, 24 मीटर ऊंचा है। इसी तरह ट्रांसफार्मर यार्ड 202 मीटर लंबा और 20 मीटर चौड़ा शामिल है। विद्युत गृह में 125 मेगावॉट के 8 फ्रांसिस टरबाईन स्थापित किए गए हैं। हैड रेस चैनल 350 मीटर लंबी, 75 मीटर चौड़ी तथा 50 मीटर गहरी है। इसकी कुल जल बहाव क्षमता 22 सौ घन मीटर प्रति सेकेंड है। इन्टेक स्ट्रक्चर से जल 8 मीटर व्यास तथा 157 मीटर लंबी 8 पैनस्टोक से टरबाइन में प्रवेश करता है। प्रत्येक पैनस्टोक की अधिकतम जल बहाव क्षमता 275 घन मीटर प्रति सेकंड है। विद्युत उत्पादन के बाद पानी को 850 मीटर लंबी टेल रेस चैनल द्वारा फिर नर्मदा नदी में छोड़ा जाता है।

### ओंकारेश्वर बांध : रौशन कर रहा देश!

ओंकारेश्वर बांध परियोजना की संस्थापित विद्युत क्षमता 520 मेगावॉट है। इससे 1167 मिलियन यूनिट का वार्षिक विद्युत उत्पादन हो रहा है। बांधस्थल पर जलग्रहण क्षेत्र का कुल क्षेत्रफल 64 हजार 880 वर्ग किलोमीटर है। इसमें से 3238 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल इंदिरासागर पॉवर स्टेशन के नीचे है। इस परियोजना के तहत 949 मीटर लंबे कंक्रीट ग्रेविल बांध का निर्माण किया गया है। इसकी आधार तल से अधिकतम ऊंचाई 53 मीटर है। 88 हजार 315 घनमीटर प्रति सेकंड के अभिकल्पित प्रवाह के लिए 570 मीटर लंबा ओगी-टाइप स्पिलवे का निर्माण किया गया है। जल नियंत्रण के लिए 20 मीटर चौड़े तथा 18 मीटर ऊंचे आकार के 23 रेडियल गेट लगाए गए हैं। 208 मीटर लंबे और 49 मीटर अधिकतम ऊंचाई पर 3.5 मीटर 4.5 मीटर के 10 स्लूस गेट जल प्रवाह व्यपवर्तन हेतु लगाए गए थे। जिन्हें अब बंद कर दिए गए हैं। 65 मेगावॉट की 8 फ्रांसिस प्रकार की टरबाइनों के साथ नदी के दाएं किनारे पर विद्युत गृह 202 मीटर लंबा, 23 मीटर चौड़ा तथा 53 मीटर ऊंचा बनाया गया है। दाएं किनारे पर 7.66 व्यास के 8 पैन स्टोको द्वारा टरबाइनों तक जल ले जाया जाता है। विद्युत उत्पादन के बाद विद्युत गृह से पानी 145 मीटर लंबी टेल रेस नहर द्वारा पुन: नदी में छोड़ा जाता है।

# सिंधी कॉलोनी में बहराणा साहब की शोभायात्रा का आयोजन

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** चंद्रदर्शन के अवसर पर श्री पिपलेश्वर झूलेलाल भजन मंडली के सदस्यों ने शनिवार शाम बहराणा साहब का चल समारोह निकाला। सिंधी कॉलोनी और टैगोर कॉलोनी की मुख्य गलियों से होते हुए चल समारोह श्री झूलेलाल मंदिर पहुंचा।

सिंधी समाज के प्रवक्ता कमल नागपाल ने बताया भजन मंडली के सदस्यों ने धार्मिक भजनों (पंजड़े) की प्रस्तुति दी। पूज्यनीय बाबा स्वरूपदास और पूज्यनीय बाबा माधवदास ने भी बहराणा साहब के दर्शन किए। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं ने पवित्र ज्योति के दर्शन किए और प्रसादी ग्रहण की।




उल्लेखनीय है कि इन दिनों सिंधी समाज में चालीहा साहब का पर्व जारी है, इस कारण आज के बहराणा साहब में विशेष उत्साह देखा गया। पंडित गोपाल भारद्वाज सहित भजन मंडली के सभी सदस्य उपस्थित रहे। रास्ते में भगवान श्री झूलेलाल के भजनों पर भक्त थिरकते रहे।

### 24 घंटों में 29.4 मि.मी. औसत वर्षा

**खंडवा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 29.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया पिछले चौबीस घंटे मे पंधाना तहसील में 62 मिलीमीटर, खालवा में 14 मिलीमीटर, खण्डवा में 56 और पुनासा तहसील में 10 मिलीमीटर और हरसूद तहसील में 5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 26 जुलाई तक 377 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी। जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 261.8 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक खंडवा तहसील में 298 मिली मीटर हरसूद तहसील में 238 मिली मीटर, पन्धाना तहसील में 224 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 217 मिली मीटर तथा खालवा तहसील में 332 मिली मीटर वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है।

# बिना डरे, बिना डायवर्सन के खेत को बना दी कॉलोनी, एफआईआर दर्ज




नवभारत न्यूज

**खंडवा। जमीन जायदाद के मामले में अवैध तरीके से लोग रातों-रात करोड़पति बन रहे हैं। जिले का राजस्व विभाग इन्हें कथित तौर पर प्रश्नय दे रहा है? अवैध काम भी तरीके से निपटाए जा रहे हैं।**

मसाया की 3000 एकड़ जमीन छुड़ाने का मामला तो अभी ठंडा भी नहीं हुआ है। आदिवासियों की जमीन भी छीन ली गई हैं।

### राजस्व से सेटिंग रातों-रात बनी कॉलोनी

ऐसा ही एक मसाला सामने आया है, जिसमें नागचुन रोड के पास एक किसान ने अपनी जमीन पर बिना डायवर्शन और कानूनी कार्रवाई के प्लाट काट दिए। खेती की जमीन को कॉलोनी में बदल दिया। प्रशासन ने डर के मारे अब इस कॉलोनी काटने वाले पर मोघट थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

### बिना डायवर्शन खेत में काटी कॉलोनी

रिपोर्ट में लिखा गया है कि आरोपी अब्दुल लतीफ पिता हाजी युसुफ निवासी म.न.07 खत्री कॉलोनी, गली नं. 03 नागचून रोड खंडवा आरोपी की ही कृषि भूमि नागचून रोड पर अपनी कृषि भूमि को बगैर आवासिय उपयोग हेतू डायवर्ट कराये, बिना नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय तथा नगर निगम से स्वीकृति के कृषि भूमि मे से कई लोगों को कृषि भूखण्ड विकृय कर उक्त कृषि भूमि पर अवैध कालोनी विकसित कर लिया है।

# खंडवा नगर निगम द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**खंडवा। स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए खंडवा नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल, गणेशगंज में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम एवं मिट्टी से गणपति प्रतिमा निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में जिला मलेरिया विभाग की सहभागिता से विद्यार्थियों को डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी मौसमी बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। जिला मलेरिया अधिकारी करण सिंह भूरिया के नेतृत्व में निरीक्षक नीरज शरद, एमपीडब्ल्यू नरेंद्र मंडलोई एवं एफडब्ल्यू वीरेंद्र भंवर द्वारा छात्रों को लार्वा नियंत्रण, साफ पानी का महत्व एवं मच्छरों से बचाव के उपाय विस्तार से बताए गए।

इस अवसर पर धर्मेंद्र जोहरी द्वारा मिट्टी से गणेश प्रतिमा निर्माण की कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने बच्चों को प्रतिमा बनाने की विधि सिखाई और बताया कि प्लास्टर ऑफ पेरिस की प्रतिमाओं के स्थान पर मिट्टी की प्रतिमाएं पर्यावरण के लिए सुरक्षित होती हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे इस वर्ष घरों में केवल मिट्टी के गणपति ही स्थापित करेंगे। कार्यक्रम में 115 विद्यार्थियों ने भाग लिया और अत्यंत उत्साह के साथ सहभागिता निभाई।




### विद्यालय परिवार एवं निगम की सहभागिता

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण राजेंद्र गुप्ता, भलसे मैडम, वर्मा मैडम, भावसार मैडम, मीणा खरे मैडम, रेखा बिसेन मैडम, अर्पणा मैडम, इक्का मैडम एवं खांडेकर मैडम ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

निगम की ओर से झोन प्रभारी भुवन श्रीमाली एवं आईसी टीम से उमा हिरवे एवं रवि शर्मा उपस्थित रहे, जिन्होंने स्वच्छता विषयक संदेशों को विद्यार्थियों तक पहुँचाया।




### 50 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन किए

**ओंकारेश्वर। तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में शनिवार को करीब 50 हजार श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दर्शन किए। बोल बम बोल बम के नारे लगाते हुए कांवरिया भी आ रहे है और जा रहे हैं। मंदिर खुलते ही भक्तों की भीड़ लग जाती है। शनिवार को एक स्लॉट बुक होता हे उसके बाद ऑनलाइन बुकिंग बंद होने से सभी दर्शनार्थियों को सामान्य दर्शन करने पड़े।**

**पुलिस- कार्रवाई** | **15 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई**

# जुआ एक्ट में 10 आरोपियों व सट्टा एक्ट में प्रकरण दर्ज

नवभारत न्यूज

**खंडवा। जिले के विभिन्न थानों में 15 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 08 प्रकरणों मे 10 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 05 प्रकरण मे 05 अनावेदकों के विरुद्ध अनावेदकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिले में 12 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है।**

पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन मे दिनांक 25.07.25 को 07 गिरफ्तारी वारंट, 03 स्थाई वारंट, 16 जमानती वारंट, 34 समन जिले के विभिन्न थानो के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किए गये।

थाना कोतवाली के आरोपी भीमसिंह पिता प्रहलाद फूलमाली उम्र 40 साल निवासी गणेश मंदिर के पास भगत सिंह चौक खंडवा को कलेक्टर जिला खंडवा द्वारा जारी अधिसूचना आदेश का उल्लंघन करने एवं आरोपी के कब्जे से प्रतिबंधित लगभग 300 किलोग्राम मागुर मछली एवं लगभग 160 किलोग्राम लोकल माइनर तिलापिया मछली जप्त की गई। लोकल माइनर तिलापिया मछली कीमती 3360 रूपये की जप्त की गई। उक्त आरोपी के विरुद्ध धारा 5 फिशरिज एक्ट व 223 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई।

### हार जीत का दाव लगाते हुए पकड़ा

थाना पंधाना के आरोपीयो 1.सुभाष पिता गंगाराम असलकर जाति भील उम्र 33 साल, 2. पवन पिता गोविंद असलकर जाति भील उम्र 34 साल, 3. राम चन्द्र पिता सुपडू दांगोडे जाति भील उम्र 35 साल, 4. दीपक पिता देवराम जाति भील उम्र 29 साल सभी निवासी जामठी को जुआ खेलते हुए पकडा जिनके कब्जे से 52 तास के पत्ते एवं 410 रूपए विधिवत पंचानो के समक्ष जप्त किए गए।

थाना छैगावमाखन के आरोपीयो 1.लखन पिता मिठाराम तंवर निवासी ग्राम टाकली मोरी छैगावमाखन, 2.जावेद पिता रमजान जाति मुसलमान निवासी ग्राम दोंदवाडा थाना छैगावमाखन, 3.मुकेश पिता गणेश भील निवासी ग्राम छैगावमाखन द्वारा ताश पत्तो पर रूपयो पैसो का दाव लगाकर जुआ खेलना पाया गया। आरोपीयो 1.धर्मेन्द्र पिता सुरेश कहार, 2.अनिल पिता रामदास तंवर, 3.कृष्णा पिता गोपीचन्द तंवर तीनो निवासी निवासी ग्राम टाकली मोरी थाना छैगावमाखन द्वारा ताश पत्तो पर रूपयो पैसो का दाव लगाकर जुआ खेलना पाया गया। उपरोक्त सभी आरोपियो के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

थाना पंधाना के आरोपी लतीफ पिता नजीर जाति मुसलमान उम्र 62 साल निवासी इंदौर नाका खंडवा के कब्जे से सट्टा अंक लिखी पर्ची, बाल पेन व 590 रूपये नगदी विधिवत पंचानो के समक्ष जप्त किए गए। थाना नर्मदानगर के आरोपी करन पिता नरसिंह जाति बंजारा उम्र 62 साल निवासी ग्राम दौलतपुरा के कब्जे से 4 सट्टा अंक पर्ची एवं 01 लीड पेन व 1000/-रु. नगदी जप्त की गई। उपरोक्त सभी आरोपियो के विरुद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### यातायात नियमों के उल्लंघन पर 26 वाहन चालकों के विरुद्ध हुई कार्रवाई

जिला खंडवा मे समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट ना लगाने वाले तथा अन्य यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले कुल 26 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं समन शुल्क 9400/-रुपए वसूल किए गए है।

उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

### अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपियों को पकड़ा




अवैध शराब विक्रेताओ के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए थाना पिपलोद के आरोपी दीपक पिता श्रीराम तिकोले जाति कुन्बी उम्र 36 साल निवासी सिंगोट के कब्जे से 18 क्वार्टर देसी प्लेन मदिरा के 180 एम एल के कुल कीमती 1260/-रूपए की जप्त की गई। थाना मांधाता के आरोपिया ममताबाई पति जगन करोले उम्र 38 साल नि इनपुन पुनर्वास के कब्जे से अवैध कच्ची महुआ शराब कुल 08 लीटर कीमती करीबन 800/-रुपए की जप्त की गई। आरोपिया अनिताबाई पति स्व रामचरण जाति भील उम्र 40 साल नि इनपुन पुनर्वास के कब्जे से अवैध कच्ची महुआ शराब कुल 08 लीटर कीमती करीबन 800/-रुपए की जप्त की गई। थाना किल्लौद के आरोपी जीतेनद्र पिता प्रेमनारयण मीणा निवासी ग्राम किल्लौद के कब्जे से 15 लीटर हाथ भटटी कच्ची महुआ शराब कीमती 2250/- रूपए के जप्त किये गये। उपरोक्त सभी आरोपियो के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।